FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत——जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

ए.यू. स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड बनाम रामेश्वर दयाल एवं अन्य

किस्म मुकदमा– प्रा0 पत्र सरफेसी एक्ट नम्बर–20 सन्– 2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.2024	अधिवक्ता प्रार्थी श्री चन्द्रशेखर बेनीवाल उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली एवं शपथ पत्र का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वर्णित संपत्ति का कब्जा दिये जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है जिसमें संपत्ति ग्राम पंचायत 11, मण्डावर सिंह, दौसा महुवा अंकित किया गया है जबकि दौसा जिले में इस नाम का कोई राजस्व ग्राम नहीं है। संपत्ति के सही एवं पूर्ण पते के अभाव में आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में संपत्ति का विवरण अपूर्ण एवं सही नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। प्रार्थी सही एवं पूर्ण पते के साथ पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हेतु स्वतंत्र है। प्रा0पत्र दर्ज फैसल हो। जिला कलक्टर दौसा	

Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.05.14 10:55:49 IST
Reason: SelfAttested

TECNO SPARK